उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या- 76 /03/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2024/10-परीक्षा/2023

लखनऊ : दिनांक : 07 अक्टूबर, 2024

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-10-परीक्षा/2023, वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2022)/09 के अंतर्गत वन एवं वन्यजीव विभाग के नियंत्रणाधीन वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक के क्रमशः 693 व 16 पदों (कुल रिक्त 693+16= 709 पदों) पर चयन के लिये प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)-2022 के स्कोर में वास्तविक (Absolute) स्कोर अथवा नार्मलाइज्ड (Normalised) स्कोर में शून्य या उससे कम / नकारात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को शार्टलिस्ट न करते हुये, प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)-2022 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक के विज्ञापित कुल 709 पदों के सापेक्ष श्रेणीवार 15 गुना (समान कटऑफ अंक प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुये) के अनुसार 29217 अभ्यर्थियों का परिणाम एवं कटऑफ अंक को मा० आयोग द्वारा मुख्य परीक्षा हेतु अनुमोदित किया गया है।

सूच्य है कि मुख्य परीक्षा हेतु चिन्हित उक्त 29217 अभ्यर्थियों में दिव्यांगजन श्रेणी के 31 अभ्यर्थी मेरिट के क्रम में चिन्हित हुए हैं, जबकि प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत दिव्यांगजन श्रेणी हेतु पद चिन्हित नहीं हैं। अतः मेरिट क्रम में चिन्हित दिव्यांगजन श्रेणी के उक्त 31 अभ्यर्थियों का परिणाम अधियाचनकर्ता विभाग के निर्णय के अधीन औपबंधिक है।

उक्त के क्रम में प्रश्नगत विज्ञापन से सम्बन्धित समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों का परिणाम एवं गोपन अनुभाग के पत्र सं0-850/गोपन/01/5/2024, दिनांक 07.10.2024 द्वारा संसूचित उक्त परिणाम से सम्बन्धित कटऑफ अंक (01 पृष्ठ) यथावत आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के Homepage पर उपलब्ध उक्त परिणाम से सम्बन्धित लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम देख सकते हैं।

उपर्युक्त मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए शुल्क जमा करने व परीक्षा की तिथि के सम्बन्ध में आयोग की वेबसाइट के माध्यम से यथासमय पृथक से सूचित किया जाएगा।

संलग्नक-यथोपरि।

07/10/2024

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,लखनऊ।
संख्याः– 850/गोपन/01/5/2024
लखनऊः दिनांक 07 अक्टूबर, 2024

आयोग के विज्ञापन संख्या–10–परीक्षा/2023, वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0–2022)/09 के अंतर्गत विज्ञापित कुल 709 पदों पर चयन हेतु प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)–2022 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मुख्य परीक्षा के लिये अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों का कट ऑफ अंकः–

लम्बवत आरक्षण–

क्र0सं0	श्रेणी	कट–ऑफ अंक (PET–2022 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर)
1	अनारक्षित	60.54
2	अनुसूचित जाति	57.96
3	अनुसूचित जनजाति	58.72
4	अन्य पिछड़ा वर्ग	60.54
5	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	60.54

क्षैतिज आरक्षण–

क्र0सं0	श्रेणी	कट–ऑफ अंक (PET–2022 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर)
1	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित	49.73
2	दिव्यांगजन	कोई पद चिन्हित नहीं।
3	सैन्य वियोजित/भूतपूर्व सैनिक	43.01
4	महिला	वांछित संख्या में अभ्यर्थी सम्बन्धित मूल श्रेणी में सम्मिलित हैं।
5	उत्कृष्ट खिलाड़ी	वांछित संख्या में अभ्यर्थी सम्बन्धित मूल श्रेणी में सम्मिलित हैं।

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।